हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, मंगलवार 13 मई 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

13 दुर्ग जिले में भारतमाला परियोजना की समयावधि में नहीं हो ...



12 बीएसपी के डिप्लोमा इंजीनियरों को करियर ग्रोथ ...



## खबर संक्षेप

### कॉपर चोरी मामले में कार मालिक गिरफ्तार

**भिलाई।** बीएसपी में लाखों रुपए का कॉपर चोरी मामले में पुलिस ने कार मालिक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि संयंत्र की सुरक्षा मे तैनात सीआईएसएफ के उप निरीक्षक ने पुलिस में शिकायत किया था। जिसमें बीएसपी के भीतर कुछ व्यक्तियों के द्वारा भारी मात्रा में कापर की चोरी करने की बात उल्लेख थी। पुलिस ने इस मामले में घटना में उपयोग किए गए वाहन स्वामी स्टेशन मरोदा नेवई निवासी विजय कुमार साहू 38 वर्ष को हिरासत में लिया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने स्वीकार किया कि नैनो कार में प्लांट से सामान को निकालने में उपलब्ध कराता था। जिसे न्यायालय में पेश किया गया है। पहले आरोपीगणों द्वारा 220 किलो ग्राम कॉपर वायर चोरी हुआ था। जिसमें कार का उपयोग किया गया था। कॉपर की कीमत 1 लाख 32 हजार रुपए की आंकी गई है।

### देर रात तक परोसी जा रही थी शराब, कार्रवाई

**भिलाई।** पुलिस ने बार और होटल की चेकिंग के लिए निकली थी। इस दौरान सूर्या मॉल के पास स्थित लिस्टोमिनियों बार संचालक ने देर रात तक अवैध रूप से शराब ग्राहकों को उपलब्ध कराया जाना पाया गया। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि बार संचालक ने शासन के नियमों का उल्लंघन किया है। मौके पर पहुंची टीन ने पंचनामा तैयार कर लिस्टोमिनिया क्लब व बार का लायसेंस निलंबन करने की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने क्लब बार संचालकों को हिदायत दिया जाता है कि वे शासन व्दारा जारी नियमों के अनुरूप ही अपने क्लब एवं बार को बंद करें।

### खुले में मांस-मछली बिक्री पर प्रतिबंधित

**भिलाई।** नगर निगम भिलाई क्षेत्र में खुले में मांस मछली बेचा जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है। इसके लिए नगर निगम भिलाई के सभी जोन के स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया है, कि उनके क्षेत्र में जहां कहीं पर भी खुले, सार्वजनिक स्थल पर मांस मछली बेची जा रही है। वहां पर कार्रवाई करें। आदेश प्राप्त होते ही सभी जोन में कार्रवाई शुरू हो गई है। देखने में आ रहा है कि रविवार एवं बुधवार को अधिकांश जगहों पर खुले में मांस मछली की दुकान खुल जाती हैं। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें प्रश्रय दिया जाता है। यदि स्थानीय लोग ऐसी दुकानों का विरोध करेंगे, वहां पर खरीदने नहीं जाएंगे यह दुकान नहीं लगेगी। छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार उक्त व्यवसाय के लिए निर्धारित बेंडिंग जोन प्रदान करके दिया जाना है। जिससे वे व्यापारी वहीं पर व्यवसाय कर सके।

### रंगदारी वसूलने के मामले में जेल प्रहरी गिरफ्तार

**भिलाई।** रंगदारी वसूली करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा 308(2), 308 (5), 111 (2) (ख), 3.5 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि पदमनाभपुर पुलिस की जांच में पता चला कि आरोपी प्रतीक वासनिक ने जेल प्रहरी दिवाकर सिंह पैकरा को पैसे भेजना बताया था। जेल प्रहरी का नाम आने पर जेल प्रशासन के सहयोग से जेल प्रहरी दिवाकर सिंह पैकरा से पूछताछ करने पर बताया कि जेल में बंदी संदीप वासनिक व्दारा आरोपी प्रतीक वासनिक के माध्यम से इसे पैसा भिजवाया है। जो जेल में सामान पहुंचाने के एवज में लेना स्वीकार किया। आरोपी के मोबाइल फोन पर रकम आना स्पष्ट हुआ। आरोपी के जनता मार्केट एलआईजी 554 पद्मनाभपुर निवासी जेल प्रहरी दिवाकर सिंह पैकरा खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर घटना में मोबाइल फोन, स्टेटमेंट जप्त किया है।

# शिक्षा और सदभावना के साथ विकास कार्यों के लिए सहभागिता जरूरी : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

उप मुख्यमंत्री एवं बेमेतरा जिला प्रभारी मंत्री अरुण साव सोमवार जिला मुख्यालय के समीप ग्राम मटका में आयोजित जिला स्तरीय भक्त माता कर्मा महोत्सव एवं सम्मान समारोह में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री साव ने साहू समाज की आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा भी माल्यार्पण कर माता कर्मा को नमन किया गया।

इस अवसर पर पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू सहित अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ टहल राम साहू, जिला अध्यक्ष साहू समाज गैंदराम साहू, जितेन्द्र साहू अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड, दीपक ताराचंद साहू पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प विकास बोर्ड, रामकुमार साहू संरक्षक , पंचराम साहू पूर्व अध्यक्ष जिला साहू संघ सहित समाज प्रमुख, जनप्रतिनिधि और बढ़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे ।

समारोह में उप मुख्यमंत्री साव ने समाज और राज्य के लिए उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों, समाज के सदस्यों और मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया। गांव में सुबह शोभा (कलश) यात्रानिकाली गई। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। ▶▶| शेष पेज 14 पर

### माता कर्मा ने समता, करुणा और भक्ति का जो संदेश दिया




#### संस्कृति और समाज की एकजुटता का प्रतीक : विधायक दीपेश

विधायक दीपेश साहू ने कहा, यह महोत्सव हमारी संस्कृति और समाज की एकजुटता का प्रतीक है। सम्मान समारोह बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। मैं सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देता हूँ।"साजा विधायक ईश्वर साहू व दीपक ताराचंद साहू ने भी संबोधित किया । समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ ही समाज के उत्थान में योगदान देने वालों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणजन की उत्साहजनक सहभागिता रही।

## डंपर और चारपहिया वाहन को पुलिस ने किया जब्त, सड़क पर जमा हुई भीड़

# चारपहिए ने बाइक को ठोंका घायल युवक को फिर डंपर ने कुचला, मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 16 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। हादसा कलेक्ट्रेट के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार डंपर ने छात्र को कुचल दिया। मृतक की पहचान डोमेश वर्मा पिता चंद्रशेखर वर्मा के रूप में हुई है, जो वार्ड क्रमांक 12, इंडियन पब्लिक स्कूल के पास, बेमेतरा का निवासी था।

■ कलेक्टोरेट के पास हुआ हादसा, बेकाबू वाहनों पर यातायात विभाग का नियंत्रण नहीं

दरअसल डोमेश सुबह करीब 10:30 बजे अपनी हीरो होंडा स्प्लेंडर सीजी 25 क्यू 0305 से कहीं जा रहा था। कलेक्ट्रेट मोड़ के पास उसकी बाइक एक चारपहिया वाहन से टकरा गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। इसी दौरान पीछे से आ रहा एक मालवाहक डंपर सीजी 25 पी 7907 तेज रफ्तार में आया और उसे कुचलते हुए निकल गया। हादसे में डोमेश की मौके पर ही मौत हो गई।



### मौके पर पहुंची पुलिस, शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जिला अस्पताल भिजवाया गया। डंपर और चारपहिया वाहन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस ने बताया कि वाहन चालकों की पहचान की जा रही है। घटना के समय सड़क पर काफी भीड़ जमा हो गई थी।


### सड़क पर नहीं है गति नियंत्रण

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने प्रशासन पर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कलेक्ट्रेट जैसे संवेदनशील इलाके में भी गति नियंत्रण के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं हैं। न तो स्पीड ब्रेकर है, न कोई ट्रैफिक पुलिस की स्थायी तैनाती। लोग आए दिन इस मार्ग पर तेज रफ्तार वाहनों की शिकायत करते हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

### प्रशासन को हादसे का इंतजार

बीते कुछ महीनों में बेमेतरा जिले में सड़क हादसों की संख्या तेजी से बढ़ी है। हर हादसे के बाद कुछ समय के लिए सख्ती दिखती है, फिर हालात वैसे ही हो जाते हैं। नागरिकों का कहना है कि अब प्रशासन को केवल कागजी कार्रवाई नहीं, बल्कि ठोस ज़मीनी काम करना होगा, जिससे भविष्य में ऐसे हादसे रोके जा सकें।

# पारा 40 के पार, लू का प्रकोप दिन ढलने के बाद भी बेचैनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

बीते दिनों हुई बारिश के बाद अब पड़ रही तेज गर्मी और उमस ने नगरवासियों को बेहाल कर दिया है। रविवार और सोमवार को पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। तीखी धूप और उमस के चलते दोपहर के समय सड़कों से रौनक गायब रही। बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा और अधिकतर दुकानों के शटर आधे गिरे नजर आए। स्थानीय निवासी रोशन धर दीवान ने बताया, लग रहा है इस बार गर्मी सारे रिकार्ड तोड़ देगी। दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। बिजली कटौती ने स्थिति और बिगाड़ दी है। गौरवपथ, बस स्टैंड और सब्ज़ी मंडी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही लगभग न के बराबर रही। व्यापारी वर्ग का कहना है कि ग्राहक नहीं आने से व्यवसाय प्रभावित हो रहा है।

■ दोपहर में सुनसान हुआ बाजार, शीतल पेयजल की मांग बढ़ी

### मौसम विभाग की चेतावनी

मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक तापमान में किसी खास बदलाव की संभावना से इनकार किया है। विभाग ने दोपहर 12 से 3 बजे के बीच घर से बाहर न निकलने की सलाह दी है। साथ ही नागरिकों को अधिक पानी पीने, छायादार स्थानों में रहने और हल्के कपड़े पहनने की अपील की गई है।

### प्रशासन सतर्क अस्पतालों में इंतजाम

स्वास्थ्य विभाग ने हीट स्ट्रोक से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी की है। अस्पतालों में ओआरएस घोल, ठंडे पानी और प्राथमिक उपचार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## मोर गांव-स्वच्छ गांव की थीम पर स्वच्छता सप्ताह 18 तक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले मे स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-2 के तहत मोर गांव-स्वच्छ गांव/" के थीम पर 12 मई से 18 मई तक स्वछता सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। यह सप्ताह स्वच्छता, साफ-सफाई और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया गया है। इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे सफाई अभियान, स्वच्छता जागरूकता अभियान और स्वच्छता के महत्व पर चर्चा कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। स्वच्छता सप्ताह का उद्देश्य लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना, लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताना, स्वच्छ भारत मिशन को सफल बनाना, एक स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाना है। स्वछता सप्ताह का शुभारंभ आज सोमवार 12 मई को पंचायत कार्यालयों से स्वच्छता शपथ एवं कार्यालय परिसर की साफ-सफाई से प्रारंभ किया गया। इस हेतु ग्राम कोटवार या चौकिदार के माध्यम से कचरा कलेक्शन एवं यूजर्स चार्ज हेतु पूरे गाँव में मुनादी करवाई गई।

### की जाने वाली गतिविधियां

सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर सफाई अभियान आयोजित किया जायेगा। स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए संगोष्ठियां, व्याख्यान, और अन्य जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। स्वच्छता के महत्व के बारे में चर्चा करने के लिए संगोष्ठियां और व्याख्यान आयोजित किये जाएंगे। स्वच्छता से संबंधित पेंटिंग, निबंध, या भाषण जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किया जायेगा। स्थानीय स्तर पर स्वच्छता अभियान आयोजित किए जा सकते हैं, जैसे कि गांव में सफाई अभियान या स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया जायेगा। मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद अग्रवाल ने जिलेवासियों से अपील किए है कि स्वच्छता सप्ताह में भाग लेकर अपने समुदाय और देश को स्वच्छ बनाने में योगदान करें।

### खण्डसरा व पदुमसरा में आज समाधान शिविर

**बेमेतरा।** सुशासन तिहार-का तीसरा चरण समाधान शिविर आज 13 मई मंगलवार बेमेतरा जनपद पंचायत एवं विधानसभा क्षेत्र नवागढ़ के ग्राम खण्डसरा के हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं जनपद पंचायत साजा में ग्राम पदुमसरा मिडिल स्कूल भवन में आयोजित होंगे। क्लस्टर खण्डसरा सहित 13 ग्राम पंचायत मुरकी, कुरदा, बटार, भवरदा, हेमाबंद, रामपुर, सेमरिया, मरतरा, करचुवा, बंशापुर, मोहतरा ख, लावातरा को शामिल किया गया है । इसी प्रकार ग्राम पदुमसरा में 10 ग्राम पंचायत कंदई, घिवरी, पदमी, पदुमसरा, हरदास, किरकी, रौद्रा, सेमरिया, खैरझिटीकला, तेन्दुवा शामिल है । समाधान शिविरों में अधिकारी समाधान पेटी में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की जानकारी देंगे / साथ ही विभागीय योजनाओं की जानकारी भी देंगे।

# कोदवा के समाधान शिविर में दो दिव्यांगों को मिली ट्राय सायकिल

**बेमेतरा।** प्रदेश सरकार की सुशासन तिहार 2025 पहल के अंतर्गत ना केवल आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है, बल्कि समाज के विशेष रूप से सक्षम वर्ग को भी सम्मान और सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इसी कड़ी में बेमेतरा जिले के बेरला विकासखंड के ग्राम कोदवा में आयोजित समाधान शिविर में दो दिव्यांग हितग्राहियों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप ट्राय सायकल और बैटरी चलित ट्राय सायकल वितरित की गई।

इसके अंतर्गत ग्राम पंचायत भाटासोरही निवासी रामायण साहू, जो 45 प्रतिशत दिव्यांगता से ग्रसित हैं, को शिविर में साधारण ट्राय सायकल प्रदान की गई, जिससे वे अब स्वाभिमान के साथ अपने दैनिक कार्यों को संपादित कर सकेंगे।



इसी तरह ग्राम पंचायत खुड़मुड़ा के 80 प्रतिशत दिव्यांगता से पीड़ित मनोज कुमार देवांगन को बैटरी चालित ट्राय सायकल प्रदान की गई, जो उनके जीवन में सुविधा, गतिशीलता और आत्मविश्वास का नया संचार करेगी।

प्रदेश सरकार के इस सहयोग से अभिभूत दोनों हितग्राहियों और उनके परिजनों ने छत्तीसगढ़ शासन और बेमेतरा जिला प्रशासन के प्रति गहरी कृतज्ञता व्यक्त की। उनका कहना था कि पहले वे दूसरों पर आश्रित थे, लेकिन अब यह सहायता उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दे रही है। राज्य शासन द्वारा की गई यह पहल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के “सबका साथ, सबका विकास” और “किसी को भी शासन की योजनाओं से वंचित न रहने देने” की नीति का जीवंत उदाहरण है। सुशासन तिहार जैसे आयोजन यह सिद्ध करते हैं कि राज्य सरकार जरूरतमंदों तक सीधे पहुँचकर उन्हें संबल प्रदान कर रही है।शिविर के दौरान अधिकारियों ने यह भी आश्वस्त किया कि भविष्य में भी दिव्यांग हितग्राहियों की आवश्यकताओं का ध्यान रखा जाएगा और उन्हें राज्य सरकार की समस्त योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाया जाएगा।

## शासन और जनता के बीच मजबूत संवाद स्थापित कर सुशासन की भावना को मजबूती प्रदान की

# समाधान शिविर में 6980 आवेदनों का हुआ निराकरण, ग्रामीणों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन और ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से सुशासन तिहार के अंतर्गत तीसरे चरण का 11वां सुशासन समाधान शिविर सोमवार बेरला विकासखंड के क्लस्टर ग्राम पंचायत कोदवा के गोठान, स्कूल के बाजु मैदान परिसर में आयोजित किया गया।

■ स्टॉलों का निरीक्षण किया और जल संरक्षण की शपथ दिलाई

शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू उपस्थित रहे। इस दौरान कलेक्टर रणबीर शर्मा, जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एसडीएम दिप्ती वर्मा, सीईओ जनपद पंचायत शिशिर शर्मा सहित पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष बलराम पटेल, जनपद पंचायत सदस्य नीरज राजपूत, सुनील राजपूत, सेवा राम साहु संडी सरपंच, कोदवा सरपंच रूखमणी पारकर, उपसरपंच आरिफ खान सहित संबंधित ग्राम के ग्रामीणजन और जिले के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे । शिविर में कोदवा क्लस्टर के 12 ग्राम पंचायतों से प्राप्त कुल 6984 आवेदनों में से 6980 आवेदनों का त्वरित निराकरण सुशासन तिहार के दूसरे चरण मे संबंधित विभागों द्वारा किया गया, जिन्हें आज शिविर मे जनसमूह के समक्ष पढ़कर सुनाया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को विभिन्न विभागीय योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 12 ग्राम पंचायत मनियारी, चिखला, केशडबरी, सुरुजपुरा, मोहभट्ठा, कोदवा, बुढ़ेरा, खिसोरा, चोंगीखपरी, कुम्हीगुड़ा, परपोडा, और डंगनिया ख शामिल थी ।




### कलेक्टर ने आवेदनों के निराकरण संबंधी ग्रामीणों से किया सीधा संवाद

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि यह समाधान शिविर आप सभी ग्रामीणजनों के लिए है ताकि आपकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न रहे। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शिविरों में सक्रिय रूप से भाग लें और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### कृष्णा ढीमर को आइस बॉक्स मिला

विधायक साहू ने शिविर के दौरान हितग्राहियों से संवाद करते हुए उन्होंने ग्राम डगनिया ख निवासी घसिया निषाद को मछली पकड़ने वाली जाल और ग्राम कोदवा निवासी कृष्णा ढीमर कों आइस बॉक्स प्रदान किया, साथ ही हितग्राहियों को राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासबुक और बुजुर्गों को वय वंदन कार्ड सौंपे एवं विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, नरेगा जॉब कार्ड, पासबुक प्रदान किए। उन्होंने विभिन्न विभागों ▶▶| शेष पेज 14 पर

### किसानों, मछुआरों और आमजनों को मिला प्रत्यक्ष लाभ

शिविर के दौरान किसानों को किसान किताबें मछली पालकों को आइस बॉक्स, जाल वितरित किए गए। सभी विभागों ने अपने-अपने स्टॉलों के माध्यम से ग्रामीणों को शासन की योजनाओं की जानकारी दी और लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों ने इस शिविर में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अधिकारियों से संपर्क कर अपनी समस्याओं के समाधान हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इस आयोजन ने एक बार फिर शासन और जनता के बीच मजबूत संवाद स्थापित कर सुशासन की भावना को मजबूती प्रदान की। शिविर में कोदवा क्लस्टर की 12 ग्राम पंचायतों से कुल 6984 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 6980 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। इन आवेदनों में सर्वाधिक 5630 आवेदन जनपद पंचायत से संबंधित थे, जिनका 100% निराकरण हुआ। खाद्य विभाग से 713, महिला एवं बाल विकास से 193, पिएचई से 77, शिक्षा विभाग से 17, स्वास्थ्य से 8, बिजली विभाग से 55, कृषि विभाग से 12, राजस्व विभाग से 264, मत्स्य विभाग से 1 और पशुपालन विभाग से 10 आवेदन प्राप्त हुए। इन सभी का निराकरण शिविर स्थल पर ही कर दिया गया। राजस्व विभाग के मात्र 4 आवेदन ही प्रक्रियाधीन हैं।

# बीएसपी के डिप्लोमा इंजीनियरों को करियर ग्रोथ की दरकार

## बीएसपी के कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार के साथ डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में डिप्लोमा इंजीनियर एसोसिएशन, भिलाई की बैठक ईडी राकेश कुमार के साथ हुई। बैठक में डिप्लोमा इंजीनियर्स की कैरियर ग्रोथ और ठेका श्रमिकों के कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इनके जल्द निदान की मांग की गई। बैठक में मांग की गई कि -6 ग्रेड से ही अधिकारी वर्ग में पदोन्नति के अवसर सुनिश्चित करें, ताकि तकनीकी कौशल से समृद्ध कर्मियों को प्रोत्साहन मिलेगा।



### एसोसिएशन की ईडी के साथ बैठक

वहीं बैठक में गेट पास के नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल व त्वरित बनाना ठेका श्रमिकों के पुराने व बड़े गेट पास को बदलकर छोटे व नए स्वरूप में जारी करने और अच्छे रैस्ट रूम बनाने पर चर्चा हुई। ईडी वर्क्स राकेश कुमार ने प्लांट ऑनरशिप की भावना को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया। बताया कि 4 एम (मेन,मशीन, मैथड, मेटिरियल) मेंसेन की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। जब हर व्यक्ति अपने कार्यस्थल को अपनी जिम्मेदारी समझेगा, तभी उत्पादन, गुणवत्ता और सुरक्षा में वास्तविक बदलाव आएगा।बैठक में अध्यक्ष राजेश शर्मा, मोहम्मद रफी आदि उपस्थित थे।

वहीं एमटेक, एमबीए, पोस्ट ग्रेजुएशन इन सेफ्टी जैसे उच्च योग्यता प्राप्त डिप्लोमा इंजीनियर्स को विशेष वरीयता – इससे ज्ञान आधारित नेतृत्व को बढ़ावा मिलेगा।लेटरल एंट्री एवं मैनेजमेंट ट्रेनी कार्यक्रमों में विभागीय उम्मीदवारों को प्रोत्साहन मिले। इससे प्रतिभाशाली आंतरिक संसाधनों का पूर्ण उपयोग हो सकेगा।म्यूचुअल ट्रांसफर के मामलों में शीघ्र और संवेदनशील कार्यवाही हो जिससे कर्मचारी अपने कार्य और पारिवारिक जीवन में बेहतर संतुलन बना सकें।

## खबर संक्षेप

### स्पंज आयरन की चोरी आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज

**भिलाई।** कंपनी के कर्मियों द्वारा नुकसान पहुंचाने के मामला प्रकाश में आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 316(4), 3(5)बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि अमर हाईट्स गंजपारा दुर्ग निवासी सुविधि चीफ कमर्शियल अफसर प्रवीण दत्त शर्मा ने शिकायत किया है। जिसमें 9-10 मई को ट्रक सीजी 04 एमसी 6647 के चालक अमन सिंह व सुविधि इस्पात कंपनी के माल लोडिंग स्टाफ निखिल राजपूत, कर्मी मुकेश निषाद ने मिलकर ट्रक का माल स्पंज आयरन को अधिक लोड किया गया। पीड़ित के बिना जानकारी के 5.24 टन स्पंज आयरन 1 लाख 20 हजार 630 रूपये को अधिक भरकर कंपनी को नुकसान पहुचाया है। सुविधि इस्पात प्रायवेट लिमिटेड रसमड़ा प्लांट में ट्रक चालक अमन सिंह ने कंपनी के माल लोडिंग कर्मी निखिल राजपूत, मुकेश निषाद के साथ मिलकर प्लांट के स्पंज आयरन को गलत तरीके से ले जाकर कंपनी को आर्थिक नुकसान पहुंचाया है। जब चालक अमन सिंह से पूछताछ करने पर ट्रक छोड़कर फरार हो गया। निखिल राजपूत, मुकेश निषाद से पूछताछ की गई तो संतोषजनक जवाब नही दिया गया। आरोपियों ने कंपनी का कांटाशुदा स्पंज आयरन 49.56 टन के अतिरिक्त कंपनी की जानकारी के बगैर चोरी छिपे आर्थिक नुकसान पहुंचाया।

### बिहार में ठगी कर वैशाली नगर थे छिपे, दो पकड़ में



**भिलाई।** बिहार के किसानों के साथ अनाज के नाम पर ठगी करने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि आरोपीगण ग्राम गोड़ीपार थाना हरनौत जिला नालन्दा बिहार निवासी सत्येन्द्र कुमार व रितिक कुमार कल्याण बिगहा के किसानों के अनाज का 54 लाख तीन हजार 43 रुपए का गबन कर फरार हो गए थे। शिकायत पर थाना वैशाली नगर क्षेत्र में लुक छिप कर रह रहे थे। गिरफ्तारी के लिए वैशाली नगर पुलिस ने सहयोग कर दोनों आरोपियों को थाना कल्याण बिगहा बिहार पुलिस को सौंप दिया है। उप निरीक्षक सुषमा कुमारी ने थाना प्रभारी वैशाली नगर को लिखित में शिकायत किया था। थाना के उनि अमित कुमार अंदानी ने पुलिस टीम को गठित कर थाना कल्याण बिगहा बिहार की उप निरीक्षक सुषमा कुमारी के साथ आरोपियों की पतासाजी में जुटी रही। आरोपी रिस्तेदार के यहां रामनगर में होने की सूचना मिली थी। टीम ने दबिश देकर आरोपी सत्येन्द्र कुमार और रितिक कुमार को पकड़कर बिहार पुलिस के हवाला किया।

### सेल अध्यक्ष ने वन डे चेयरमेन स्पर्धा की शुरू

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के अध्यक्ष श्री अमरेंदु प्रकाश ने सेल-कर्मचारियों के लिए वन डे चेयरमेन प्रतियोगिता' का शुभारंभ किया है। यह प्रतियोगिता सेल-कर्मचारियों को यह अवसर प्रदान करती है कि वे एक दिन के लिए अध्यक्ष की भूमिका में सोचें और ऐसा एक विचार प्रस्तुत करें, जो संगठन में परिवर्तन ला सके।
प्रतियोगिता में भाग लेने के सेल के सभी कर्मचारी पात्र हैं, चाहे वे किसी भी संयंत्र, इकाई या विभाग से संबंधित हों।
वन डे चेयरमेन प्रतियोगिता का उद्देश्य कर्मचारियों को नेतृत्व के दृष्टिकोण से सोचने के लिए प्रेरित करना व सेल की विकास यात्रा में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए कर्मचारियों को अधिकतम 500 शब्दों में अपना विचार लिखकर इंट्रानेट पोर्टल या sailodc@sail.in ईमेल पते पर भेजना होगा। प्रविष्टियाँ9 मई से 23 मई 2025 तक आमंत्रित की जा रही हैं। प्रतियोगिता में चयनित शीर्ष 10 प्रविष्टियों को पुरस्कृत किया जाएगा और उनमें से 3 सर्वश्रेष्ठ विचारों के प्रस्तुतकर्ताओं को सेल के शीर्ष प्रबंधन के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर भी प्राप्त हो सकता है।

## सेल के विभिन्न इकाइयों के हायर पेंशन से वंचित पीएफ ट्रस्ट करेंगे केस

# हायर पेंशन के लिए सेल कार्मिक ईपीएफओ का लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुरूप सेल के विभिन्न इकाइयों में कार्यरत तथा सेवानिवृत कार्मिकों और अधिकारियों को ईपीएस-95 के तहत मिलने वाले हायर पेंशन की पात्रता हासिल करने के लिए ईपीएफओ के विभिन्न राज्यों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। निदान नहीं होने पर अब न्याय के लिए सेफी न्यायालय का दरवाजा खटखटाएगी।

उल्लेखनीय है कि सेफी ने नई दिल्ली स्थित ईपीएफओ मुख्यालय को पत्र लिखकर इसके समाधान की गुहार लगाई थी। सेफी अध्यक्ष एनके बंछोर के पत्र व्यवहार को संज्ञान में लेते हुए ईपीएफओ मुख्यालय ने 8 मई को ईपीएफओ भवन में एक बैठक आयोजित की थी। इसमें ईपीएफओ मुख्यालय की ओर से एडिशनल कमिश्नर प्रोविडेंट फंड अपराजिता जग्गी व ओए अध्यक्ष श्री बंछोर, सेफी के वाइस चेयरमेन नरेंद्र सिंह तथा अजय पांडे एवं महासचिव श्री संजय आर्या उपस्थित थे। बैठक में सेल के विभिन्न इकाइयों में हायर पेंशन को लेकर उत्पन्न विसंगतियों को बताया। ईपीएफओ मुख्यालय द्वारा इंडिपेंडेंट पीएफ ट्रस्ट के नीति नियमों के भिन्नता का कारण बनाते हुए हायर पेंशन देने में अपनी असमर्थता जाहिर की। ईपीएस-95 हायर पेंशन हेतु सेफी 2017 से ही संघर्षरत रहा है। मई 2017 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने एक्सजेम्प्टेड पीएफ ट्रस्टों को हायर पेंशन के दायरे से बाहर रखा था। सेफी ने अपने अपेक्स संगठन, एनसीओए के बैनर तले सुप्रीम कोर्ट में ईपीएस-95 हायर पेंशन के लिए कानूनी लड़ाई लड़ी थी। 4 नवम्बर 2022 को सुप्रीम कोर्ट द्वारा एक्सजेम्प्टेड पीएफ ट्रस्टों को हायर पेंशन के लिए पात्रता प्रदान की गयी। इससे पहले सेफी ने झारखंड हाईकोर्ट ने भी सेफी के पक्ष में फैसला लिया था। लेकिन ईपीएफओ की उदासीनता से अब तक कार्मिकों को हायर पेंशन के लिए चक्कर लगाना पड़ रहा है।

### व्यक्तिगत रुप से खर्च वहन करना संभव नहीं

व्यक्तिगत रूप से प्रत्येक कार्मिक का हायर पेंशन के लिए न्यायालय में जाना और उसके खर्चे को वहन करना संभव नहीं है। इसके तहत सेल के जिन इकाइयों के कार्मिकों को हायर पेंशन की पात्रता से वंचित रखा गया है। सेफी अध्यक्ष श्री बंछोर ने बताया कि अब संबंधित इकाइयों के पीएफ ट्रस्ट को ईपीएफओ के विरुद्ध न्यायालय में चुनौती देने का निर्णय लिया गया है। श्री बंछोर ने बताया कि ईपीएफओ की हठधर्मिता ने हमें हायर पेंशन के लिए न्यायालय की शरण में जाने के लिए मजबूर किया है।

### कर्मियों के हित के लिए न्यायालय जाएंगे



“सेल के सभी इकाईयों के पीएफ ट्रस्ट ईपीएस-95 हायर पेंशन के मामले में अपने सदस्यों को न्याय दिलाने के लिए जल्द न्यायालय के माध्यम से कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ करेंगे। ईपीएफओ की हठधर्मिता से कार्मिकों को परेशानी हो रही है। कर्मियों का हित सर्वोपरि है।

**एनके बंछोर,** सेफी अध्यक्ष

## शहर सरकार कर रही मनमानी, भाजपा पार्षदों ने विकास कार्यों के लिए मांगी राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

अगले साल होने वाले मेयर और वार्ड चुनाव को लेकर भाजपा की राजनीतिक बिसात सजने लगी है। रविवार को भिलाई निगम के भाजपा और भाजपा समर्थित पार्षद सांसद विजय बघेल से मिले। उन्होंने आगामी राजनीतिक रणनीति को लेकर करीब दो घंटे तक सांसद से चर्चा की।

■ भिलाई निगम के भाजपा समर्थिक पार्षद मिले सांसद विजय से

इस दौरान वर्तमान कांग्रेस शहर सरकार की शिकायत की। पार्षदों ने कहा कि शहर सरकार अनियमितता कर रही है। कार्यों में घोटाला किसी से छिपा नहीं है। वर्टिकल गार्डन अनियमितता की भेंट चढ़ गई। पिछले तीन सालों से भाजपा समर्थित वार्डों में विकास कार्यों के लिए एक ढेला नहीं मिला है। इस पर सांसद ने शासन स्तर पर वस्तु स्थिति से अवगत कराने की बात कही। वार्ड पार्षदों ने करीब 14.97 करोड़ रुपए की कार्ययोजना की सूची सांसद को सौंपी। पार्षदों ने बताया कि इस समय निगम क्षेत्र में 29 पार्षद भाजपा या समर्थन में हैं। पार्षदों ने बताया कि कांग्रेस शहर सरकार ने तालाब सौंदर्यीकरण के नाम पर करोड़ों रुपए फूंके, वर्तमान में अधिकांश तालाब सूख गए हैं। तालाबों के आसपास गंदगी पसरी हुई है। शासन की योजना अमृत मिशन का बुरा हाल है। अब भी वार्डों में पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। सफाई व्यवस्था लचर है। पेयजल संकट लगभग सभी वार्डों में बने हुए हैं। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, उप नेता प्रतिपक्ष दया सिंह, महेश वर्मा, जालंधर सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

### कांग्रेस शासन में हुआ जमकर भ्रष्टाचार

“कांग्रेस शासन में भिलाई शहर सरकार में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है। हर काम में कमीशखोरी हावी रही है। हमने इसकी शिकायत सांसद से की है। इसके अलावा भाजपा या भाजपा समर्थित 29 वार्डों में विकास कार्यों के लिए करीब 14.97 करोड़ रुपए की मांग की है।

**भोजराज सिन्हा,** नेता प्रतिपक्ष नगर निगम भिलाई

## जल्द मिले ट्रेनीज को नान फाइनेंशियल अवार्डः इंटक यूनियन

**भिलाई।** स्टील इंप्लाइज यूनियन इंटक ने भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक के नाम ज्ञापन सौंप कर ट्रेनीज को नान फाइनेंशियल अवार्ड जल्द देने की मांग की है । अब तक अवार्ड नहीं मिलने से कर्मियों में निराशा है। इंटक महासचिव वंश बहादुर सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल महाप्रबंधक (औद्योगिक संबंध एवं एवं ठेका प्रकोष्ठ) जे एन ठाकुर से मुलाकात कर कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) के नाम का ज्ञापन सौंपा जिसमें यूनियन ने कहा कि बीएसपी प्रबंधन द्वारा 30 जनवरी 2024 से 31 मार्च 2024 तक नान फाइनेंशियल अवॉर्ड स्कीम शुरू किया गया था इस स्कीम के तहत नियमित कर्मचारियों के साथ ट्रेनिज के लिए भी फंड अलाट किया गया1 एचआरडीसी में कार्यरत 145 ट्रेनीज के लिए भी फंड अलाट किया गया लेकिन एक वर्ष बाद भी एचआरडीसी डिपार्टमेंट द्वारा ट्रेनीज को नान फाइनेंशियल अवार्ड देने के लिए कोई भी प्रपोजल नहीं किया भेजा गया । ऐसा कर उन ट्रेनीज के साथ अन्याय किया गया। यूनियन ने कहा कि जल्द से जल्द ट्रेनीज के लिए एलॉटेड राशि के बदले गिफ्ट देने के लिए प्रपोजल तैयार कर इन्हें नान फाइनेंशियल अवार्ड के तहत गिफ्ट दिलाया जाए । इस अवसर पर महाप्रबंधक विकास चंद्र, सहायक महाप्रबंधक रोहित हरित, इंटक यूनियन से महासचिव वंश बहादुर सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष पूरन वर्मा, एस रवि और शिव शंकर सिंह उपस्थित थे ।



## बीएसपी साइकिलिंग क्लब ने निकाली सायकल रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खेल मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित “संडे ऑन साइकिल“ अभियान के तहत भिलाई में बीएसपी साइकिलिंग क्लब, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ और ओए-बीएसपी के संयुक्त तत्वावधान में लगातार 9 वें सप्ताह इस साइकिल रैली का आयोजन किया गया।

■ आयोजन में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने साइकिलिंग की

आयोजन में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने साइकिलिंग की। इसका शुभारंभ सुबह 7 बजे प्रगति भवन से किया गया है। आयोजन भिलाई साइकलिंग क्लब के अध्यक्ष तथा सेफी,चेयरमेन नरेंद्र कुमार बंछोर, बीएसपी साइकिल पोलो क्लब के अध्यक्ष व ओए- बीएसपी के महासचिव परविन्दर सिंह के नेतृत्व में किया गया । इसमें दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव देवप्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष शशांक देशमुख, सदस्य प्रवीण यदु, एनआईएस कोच प्रतीक मनोध्या, साइकिल पोलो कोच विकास कुमार, मां सारदा पब्लिक स्कूल के सह-सचिव तुषार सिंह और राजेन्द्र जोशी तथा बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। प्रगति भवन से प्रारंभ यह साइकिल यात्रा शहीद उद्यान होते हुए परिवार और रेल चौक से प्रगति भवन पहुंच कर समाप्त हुई।

## भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी, जिसके सबसे ज्यादा सांसद-विधायक : रिकेश



**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के कैंप मंडल की बैठक पावर हाउस स्थित एक निजी होटल में हुई। बैठक में संगठनात्मक एवं परिचयात्मक चर्चा हुई। पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्याम प्रसाद मुखर्जी के तेलचित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन कहा कि यह संगठनात्मक एवं परिचयात्मक बैठक है। आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा है, जिसके सबसे ज्यादा सांसद विधायक जनप्रतिनिधि हैं। विशाल कार्यकर्ता हैं। हमें आपस में तालमेल बनाकर काम करना चाहिए। एक दूसरे का सहयोग करना चाहिए। छोटे से छोटा कार्यकर्ता संगठन का कार्य करता है। हम सबको मिलकर पार्टी को आगे बढ़ाना है। अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा भाजपा में अनुशासन और त्याग सबसे जरूरी है। बैठक में प्रेम लाल साहू, बिजेंद्र सिंह, प्रभुनाथ मिश्रा, मंडल अध्यक्ष तरुण सिंह, अमित मिश्रा, के गणपति राव, रामउपकार तिवारी, जयंत शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

■ कैम्प मंडल की पावर हाउस में हुई बैठक, आपसी तालमेल का दिया संदेश

## बीएसपी के पदोन्नत कर्मियों को अब तक नहीं मिला इंक्रीमेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने पदोन्नत बीएसपी कर्मचारियों के लंबित इंक्रीमेंट जल्द प्रदान किए जाने की मांग की मांग प्रबंधन से की है।प्लांट में कैंटीनों और शौचालयों में सुधार पर जोर दिया है। प्रबंधन से आश्वासन मिला है।

■ बीडब्ल्यूयू ने प्रबंधन के साथ की बैठक

इस्पात भवन सभागार में प्रबंधन के साथ यूनियन की हुई बैठक में कर्मियों और संयंत्र की लंबित समस्याओं पर चर्चा हुई। यूनियन के अध्यक्ष उज्ज्वल दत्ता और उप-महासचिव श्री विमल कांत पांडे ने कर्मचारियों की समस्याओं को जल्द निदान करने की मांग की। दत्ता ने कहा कि जिनका प्रमोशन तो हुआ है, लेकिन उन्हें वार्षिक वेतन वृद्धि (इंक्रीमेंट) का लाभ नहीं मिला है। इस पर प्रबंधन ने अगले माह एरियर्स सहित इंक्रीमेंट प्रदान करने का आश्वासन दिया। ट्रेनी कर्मचारियों को नाइट शिफ्ट एलाउंस न मिलने की समस्या पर बताया कि अब ट्रेनी कर्मचारियों को 120 रुपए प्रतिरात्रि के हिसाब से नाइट शिफ्ट भत्ता प्रदान किया जाएगा।यूनियन द्वारा बायोमैट्रिक अटेंडेंस सिस्टम में आ रही तकनीकी समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया। यूनियन ने बताया कि बायोमेट्रिक की त्रुटिपूर्ण व्यवस्था के कारण कर्मचारियों को मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### रेस्टरुम और टायलेट की हो सफाई

संयंत्र की कैंटीन, रेस्टरूम और टॉयलेट्स की खराब स्थिति को सुधारने की मांग की गई। उप-महासचिव विमल कांत पांडे ने 1 मई को सवैतनिक अवकाश घोषित करने तथा कर्मचारियों के लिए 650 वर्गफुट क्षेत्रफल वाले आवास जल्द लाइसेंस में देने की मांग की। प्रबंधन ने आश्वासन दिया। बैठक में बीएसपी के अधिशासी निदेशक पवन कुमार व सीजीएम संदीप माथुर महाप्रबंधक जेएन ठाकुर और यूनियन के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आईजी रामगोपाल व एसएसपी विजय थे मौजूद

# सीसीटीवी फुटेज संग्रहण और ई साक्ष्य पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई







दुर्ग रेंज स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सीसीटीवी फुटेज संग्रहण, विशलेषण, ई साक्ष्य को लेकर जानकारी दी गई। कार्यशाला महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर भिलाई में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रुप में आईजी राम गोपाल गर्ग ने कहा कि विवेचना में आने वाली त्रुटियों एवं विवेचना पूर्ण होने के पश्चात न्यायालय में प्रकरणों की मॉनिटरिंग पर प्रकाश डाला। सीसीटीवी फुटेज संग्रहण करने को लेकर विवेचना में एकत्र करने समेत ई-साक्ष्य की महत्ता को बताया गया। न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों की सटीक मॉनिटरिंग व उचित रिकॉर्ड संधारण के निर्देश दिए। एसएसपी विजय अग्रवाल ने रेंज से पहुंचे अधिकारियों को कार्यशाला के विशेष बिंदुओं से अवगत करते हुए व कोर्ट आरक्षकों को उनके जिम्मेदारी को निष्ठा पूर्वक निभाने पहलुओं के बारे में जानकारी दी। सीसीटीवी फुटेज संग्रहण एवं विश्लेषण की तकनीकी जानकारी आशुतोष दुबे ने दी। सीसीटीवी कैमरों, हार्ड डिस्क से फुटेज सुरक्षित निकालने, वीडियो बैकअप की सरल विधियों, सावधानियों को लेकर विस्तार से बताया। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर, अभिषेक झा, सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी, हरीश पाटिल, डीएसपी सीपी तिवारी, शिल्पा साहू, पनिक राम कुजूर,चित्रा वर्मा समेत 250 से पुलिस कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे। संचालन रक्षित निरीक्षक दुर्ग नीलकंठ वर्मा ने किया।

# सैनिकों के सम्मान में गली-गली निकलेगी तिरंगा यात्राः सांसद बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



भारतीय जनता पार्टी के अंजोरा और अण्डा मंडल का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि देश की सैन्य शक्ति, सामर्थ्य बढ़ने से पूरी दुनिया चकित है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले कुछ वर्षों में देश की सैन्य शक्ति इतनी बढ़ गई है कि दुश्मन देश हमला करने में सफल नहीं हो सका। उन्होंने बताया कि पार्टी ने भारत माता और अपने वीर सैनिकों के सम्मान में गली- गली में हर जगह तिरंगा यात्रा निकालने का कार्यक्रम तय किया है। यह तिरंगा यात्रा पूरे शान और सम्मान के साथ निकालेंगे। इस अवसर पर छग माध्यमिक शिक्षा मंडल की दसवीं बोर्ड की परीक्षा में टॉप टेन में स्थान हासिल करने वाली नगपुरा की छात्रा वैष्णवी देवांगन का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, रामशिला साहू, जागेश्वर साहू, अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विमल चोपड़ा, कुलेश्वरी देवांगन, हेमंत सिंह, गिरीश साहू आदि मौजूद थे। इधर अंडा-निकुम में संगठनात्मक बैठक हुई, जिसमें विधायक ललित चन्द्राकर, पूर्व मंत्री रमशिला साहू, जागेश्वर साहू, प्रीतपाल बेलचंदन, दीपक चोपड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

## खबर संक्षेप

### दो परिवारों ने किया देहदान

**दुर्ग।** जिला चिकित्सालय में दो परिवारों ने देहदान किया है। अशोक कुमार ब्राम्हणे एवं उनकी पत्नी श्रीमती मीना ब्राम्हणे व धनोरा निवासी पुष्पलता साहू ने सिविल सर्जन डॉ हेमंत साहू, डॉ. केके जैन और नेत्र चिकित्सा अधिकारी अजय नायक की उपस्थिति में अपने देहदान की घोषणा की। दोनों परिवारों ने अपनी वसीयत नव दृष्टि फाउंडेशन के सदस्य राजेश पारख को सौंपी। अशोक कुमार ब्राम्हणे और श्रीमती मीना ब्राम्हणे के पुत्र डॉ अनमोल ब्राम्हणे और पुत्री डॉ अनुभूति ब्राम्हणे ने अपने माता-पिता के इस निर्णय के लिए पूर्ण सहमति प्रदान की। इसी प्रकार श्रीमती पुष्पलता साहू की पुत्रियों सुश्री तृप्ति साहू और सुश्री ज्योति साहू ने भी अपनी माँ के देहदान के निर्णय का समर्थन किया। यह कदम न केवल चिकित्सा अनुसंधान और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा, बल्कि समाज में देहदान और नेत्रदान जैसे सामाजिक कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

### विवाद पर दामाद ने की ससुर की हत्या

**राजनांदगांव।** विवाद के चलते आक्रोशित दामाद ने अपने ससुर पर वजनी चीज से हमला कर हत्या कर दी। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दामाबंजारी में इंदल वाल्दे 56 के घर उनका दामाद लोमस उम्र लगभग 42 वर्ष कोहका तुमडीबोड निवासी आया हुआ था। बताया गया कि गांव में रिश्तेदारी में शादी थी। जिसमें शामिल होने के लिए वह अपने ससुर के घर रूका था। पुलिस के अनुसार आरोपी लोमस अक्सर वाद-विवाद करता था। जिससे उसका ससुर इंदल मना करता था। इस बात को लेकर आक्रोशित था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि इंदल वाल्दे आज दोपहर सो रहा था, इसी दौरान आरोपी ने वजनी सामान से हमला कर दिया, जिसे गंभीर अवस्था में उपचार हेतु छुरिया चिकित्सालय ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इधर इस घटना की जानकारी जैसे ही आसपास व ग्रामीणों को हुई गांव में सनसनी फैल गई थी। घटना की सूचना पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई। पुलिस ने इस मामले में आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

### चौक-चौराहों को बनाया गया लेफ्ट टर्न फ्री

**भिलाई।** ट्रैफिक पुलिस द्वारा व्यवस्था को सुगम और सुरक्षित बनाने ऑपरेशन सुरक्षा अभियान चलाकर सडक के चार प्रमुख बिंदुओ पर कार्य किया जा रहा है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि सडको एवं चौक चौराहो की अभियात्रिकी त्रुटि को दूर करना, सडको से अतक्रिमण, अवैध कब्जा को हटाना, वाहन चालको को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। सडक दुर्घटना में होने वाली मौत के कारण एवं लापरवाह चालको पर सख्त कार्रवाई किया जा रहा है। अभियान के तहत वरिष्ठ अधिकारी के निर्देश पर दुर्ग भिलाई के पटेल चौक, राजेन्द्र पार्क चौक, सूर्या मॉल चौक, मोजो की सहायता से चौक में बांये ओर जाने वाले वाहन चालको के लिए अस्थाई रूप से लेफ्ट टर्न फ्री बनाया गया।

# संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत बनाने जिले का हो रहा दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिला भाजपा अध्यक्ष का संगठनात्मक मंडल दौरा कार्यक्रम दुर्ग जिला संगठन में जारी है इसी कड़ी में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के अंजोरा मंडल एवं अंडा निकुम मंडल में बैठक हुई। बैठक में से दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पूर्व कैबिनेट मंत्री रमशिला साहू, जागेश्वर साहू, मंत्री आशीष निमजे, दीपक चोपड़ा कार्यालय मंत्री, मनोज सोनी मीडिया प्रभारी, राजा महोबिया वरिष्ठ भाजपा, नेता प्रीतपाल बेलचंदन, जनपद पंचायत अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन, मंडल भाजपा अध्यक्ष हेमंत सिन्हा, लिकेश्वर देशमुख, युवा मोर्चा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नितेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष गिरेश साहू उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता परिश्रमी और मेहनतकश है। राष्ट्रवादी विचारधारा प्रत्येक कार्यकर्ताओं में भरा हुआ है। हर कार्यकर्ता संगठन को लेकर सदैव सजग रहता है आप सभी ने अथक परिश्रम से दुर्ग में इतिहास रचा वह भी विपरीत परिस्थितियों में। सांसद विजय बघेल ने कहा कि देश के वर्तमान हालात से आप सभी भली भांति वाकिफ है।

## राष्ट्रवादी विचारधारा से ओत-प्रोत हैं भाजपा कार्यकर्ता : विजय

### कार्यकर्ताओं की मेहनत से बनी सरकार

ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर कार्यकर्ता अपने आप में बहुमूल्य है आप सभी के पूर्व की कांग्रेस की भ्रष्टाचारी सरकार को फेंकने के लिए पूरे 5 साल तक मेहनत किया प्रदेश में भाजपा की सरकार वापस लाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में विभिन्न जनहित कार्य योजनाओं के माध्यम से हम जन मानस का जीवन में सुधार आया है और वर्तमान हमारे सरकार होने के नाते हम सभी का दायित्व बनता है।



### पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक जीत

भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आप सभी ने संगठन के सारे कार्यों का निष्पादन ईमानदारी से पूर्ण किया। संपादित नगर निगम चुनाव एवं त्रिस्तरी पंचायत चुनाव में हमने के ऐतिहासिक जीत प्राप्त की यह सब आपके के कारण ही संभव हो पाया पूर्व में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी और पूरा सरकार यही से चलती है उसे विपरीत परिस्थिति में आप सभी ने संगठन के कार्यों को साथ-साथ उपस्थिति दर्ज की प्रदेश से कांग्रेस सरकार को उखाड़ कर फेंक दिया।

## राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने 18 मार्च को जारी किए थे निर्देश

# दुर्ग जिले में भारतमाला परियोजना की समयावधि में नहीं हो पाई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

भारतमाला परियोजना के तहत राज्य शासन द्वारा दुर्ग जिले को भी संदेह के दायरे में रखा है। अब तक किए गए मुआवजा वितरण को लेकर राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव अविनाश चंपावत ने विगत 18 मार्च को निर्देश जारी किए गए थे। जिसमें बकायदा जांच के बिन्दु तय किए गए थे। लेकिन अब तक जांच रिपोर्ट ही शासन को नही भेजी गई हैं। उल्लेखनीय है कि, दुर्ग जिले के पाटन और दुर्ग ब्लाक में मुआवजा बांटने में भारी गडबडी किए जाने की शिकायत सामने आई है। जिले के डेढ सौ से अधिक किसान उचित मुआवजा और कम मुआवजा की गणना को लेकर कोर्ट का रास्ता नाप रहे है। राज्य शासन के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी आदेश में दुर्ग जिले से भी शिकायत किए जाने का उल्लेख किया गया है। ऐसे में भारतमाला परियोजना के तहत भू अर्जन अधिकारियों की लापरवाही जांच में उजागर हो सकती है। बहरहाल आदेश जारी होने के पन्द्रह दिन के अंदर राज्य शासन द्वारा रिपोर्ट मांगे थे। लेकिन दुर्ग संभागायुक्त द्वारा अब तक रिपोर्ट राज्य शासन को नही भेजी गई हैं।

## शासन को नहीं भेजी जा सकी है रिपोर्ट, मुआवजे में भारी गड़बड़ी की शिकायत



### सवा सौ से अधिक आपत्तियां, काट रहे चक्कर

मुआवजा नही मिलने से नाराज 120 भू-स्वामियों के जमीन पर आपत्ति लगाए है। बडी बात यह है कि, पीडित किसानों को अवार्ड पत्र भी नहीं दिया गया है। जबकि सबकी रजिस्ट्री अधिसूचना जारी होने के पहले की है। भू-स्वामी धनोरा के शिव चन्द्राकर का कहना है कि, ग्राम पंचायत से अनुमति लेकर पक्का मकान बनवाया है, लेकिन उन्हें मकान का मुआवजा नही मिला है। इसी तरह के और भी किसानों के साथ हुआ है। बडी बात यह भी है कि, कई प्रकरण को दुबारा अवार्ड पारित कर लाभ पहुंचाया गया है, जिससे सरकार को नुकसान हुआ है।

### इन बिन्दुओं में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश

भारतमाला परियोजना अंतर्गत भूमि अर्जन की संपूर्ण प्रक्रिया की जांच कराया जाने का उल्लेख आदेश में किया गया हैं। जिसमें पत्र प्राप्ति के 15 दिवस के भीतर रिपोर्ट तैयार करना था। प्राप्त शिकायतों पर 15 दिवस में कार्यवाही किया जाना था। जांच में मूल खसरें को केवल अधिक मुआवजा प्राप्त करने के प्रयोजनों से छोटा-छोटा भूखण्डों में विभाजित कर मुआवजा प्रकरण तैयार किए जाने की भी पडताल की जानी थी। वहीं मूल भूमि के हस्तांतरण, बंटवारा, व्यपवर्तन, नवीन निर्माण और अधिक मुआवजा प्राप्त करने के लिए पूर्व दिनांक से फर्जी नांमातरण, बंटवारा प्रकरण तैयार कर मुआवजा स्वीकृत किया जाने के मामले में जांच के निर्देश दिए थे। वही यह भी कहा गया था कि, भूमि पर स्थित सम्पतियों का सही विवरण प्रस्तुत नही किए जाने के मामले में भी जांच किया जाए।

# मानव दिवस बढ़ाने को लेकर कांग्रेस आंदोलन के मूड में

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के कार्यों में मानव दिवस के लक्ष्य को काम करने के खिलाफ पूरे प्रदेश में कांग्रेस आंदोलन के मूड में है ।मजदूरों को हर जिले में एकजुट करने का प्रयास की जा रहा है । 16 मई को दुर्ग जिला मुख्यालय में कांग्रेस बड़े प्रदर्शन का ऐलान कर चुकी है ।



■ ब्लाक कांग्रेस कमेटियों के अध्यक्षों को दिया गया निर्देश

प्रदर्शन को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी सभी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों को निर्देश जारी कर मजदूरों को एकजुट करने का प्रयास कर रही है। मांग पूरी नहीं होने पर जिले के ग्रामीण और किसान, मजदूर अपनी मजदूरी की सामग्री झौआ, टोकना, घमेला लेकर जिला कलेक्ट्रेट में 16 मई को प्रदर्शन करेंगे । राकेश ने बताया कि प्रदर्शन की व्यापक तैयारी जिले में चल रही है। प्रदर्शन में कांग्रेस के सभी विंग के कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में भाग लेंगे।

### घटा दिया गया है लक्ष्य

कांग्रेस जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने बताया कि पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा मनरेगा में 42 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य किया था । लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले वर्ष इसे घटाकर 32 लाख मानव दिवस कर दिया गया था । और वर्तमान वित्त वर्ष 2025 26 में इसे और घटाकर18 लाख मानव दिवस सृजन का लक्ष्य दिया गया है।जो कि केवल 35 प्रतिशत हो जाता है । जबकि जिले में सक्रिय मनरेगा मजदूरों की संख्या लगभग डेढ़ लाख है । इस कारण केवल दस हजार मजदूरों को मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में काम मिल रहा है। अन्य वर्षो की तुलना में इस समय 40 से 50000 मजदूर जिले में मनरेगा में कार्यरत होते थे ।

### पलायन की आशंका

मनरेगा में कार्य कर मजदूरी से ग्रामीण खेती किसानी और अन्य कार्य करते थे । उनके आगे रोजगार का संकट हो रहा है , बेरोजगारी के चलते मजदूरों ग्रामीण मजदूरों के सामने आनेवाले दिनों में रोजगार का सकंट मंडराने लगा हैं मजदूर घर परिवार छोड़कर अन्य राज्यों में रोजगार के लिए पलायन की तैयारी कर रहे है । मानव दिवस कम किए जाने से मजदूरों में भी आक्रोश है।कांग्रेस ने मानव दिवस बढ़ाने की मांग को जोर शोर से उठाने की तैयारी की है।जिला कांग्रेस अध्यक्ष राकेश ठाकुर ने हरिभूमि को बताया कि 14 मई तक मनरेगा के मानवदिवस को 42 लाख किए जाने की मांग को लेकर कलेक्टर दुर्ग को प्रतिवेदन दिया गया है ।

# दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस 17 व 18 को जुटेंगे देशभर के सीए और टैक्स विशेषज्ञ



**भिलाई।** सीए शाखा भिलाई द्वारा दो दिवसीय नेशनल कांफ्रेंस उन्नयन का आयोजन 17 व 18 मई को भिलाई में किया जाएगा। यह कार्यक्रम सिविक सेंटर स्थित सीए भवन में आयोजित होगा।

भिलाई, रायपुर, बिलासपुर और रायगढ़ शाखाओं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस नेशनल कॉन्फ्रेंस में देशभर के सीए जुटेंगे और विशेषज्ञ वक्ताओं से जीएसटी, इनकम टैक्स एवं आर्टिफिशयल इंटेलिजेंस से जुड़े विषयों पर जानकारी प्राप्त करेंगे। कॉन्फ्रेंस में सीए सदस्यों और छात्रों को महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। चेयरमेन राजेश बाफना और वाइस चेयरमेन एसडी राठी ने बताया कि कॉन्फ्रेंस के पहले दिन 17 मई को जीएसटी और वित्तीय रिपोर्टिंग से जुड़े विषयों पर महत्वपूर्ण सत्र होंगे। इसमें अमृतसर से सीए आंचल कपूर जीएसटी से जुड़े नोटिस और अपील की प्रक्रिया को विस्तार से समझाएंगी। सीए पेशेवरों को इस क्षेत्र में बेहतर जानकारी प्राप्त होगी। भोपाल के सीए अभय छाजेड़ कॉर्पोरेट कंपनियों के वत्तीय विवरण प्रस्तुत करने की विधि पर चर्चा करेंगे, जिससे कंपनियों की रिपोर्टिंग प्रक्रिया को प्रभावी बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही दिल्ली के सीए प्रमोद जैन गैर-कार्पोरेट संस्थानों के वत्तीय विवरण को सही ढंग से प्रस्तुत करने के तरीके बताएंगे, जो छोटे व्यवसायों और संगठनों के लिए उपयोगी साबित होगा। 18 मई को कर प्रणाली और आधुनिक तकनीक पर महत्वपूर्ण सत्र होंगे।

# कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष संतोष और महासचिव बने पवन

**भिलाई।** कुर्मि भवन सेक्टर-7 में छत्तीसगढ़ी कूर्मि क्षत्रिय समाज भिलाई नगर के नई कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। पूर्व पदाधिकारियों ने अपने कार्यकाल की सफल अवधी व सहयोग के लिए उपस्थित कार्यसमिति के सदस्यों व जन मानस को धन्यवाद ज्ञापित किया। पूर्व अध्यक्ष ईश्वरी वर्मा ने अपने कार्यकाल के गतिविधियों को संक्षिप्त में प्रस्तुत करने के बाद अपने कार्यकारिणी को भंग करने की घोषणा की। अप्रैल 2025 से मार्च 2027 के लिए नई कार्यकारिणी के विधि सम्मत चुनाव संम्पन्न कराने चुनाव अधिकारी वेदराम देशमुख को आमंत्रित किया। इनके सहयोग करने के लिए पूर्व महासचिव संतोष पाटनवार मौजूद थे। समाज की चारों इकाई के 17 सदस्यों के नाम आमंत्रित किए गए। इन्हीं में से पांच पदाधिकारियों का चुनाव हुआ। पदाधिकारी सर्वसम्मति से निर्विरोध निर्वाचित हुए। इसमें अध्यक्ष संतोष पाटनवार, उपाध्यक्ष आत्माराम नायक, महासचिव पवन चन्द्राकर, कोषाध्यक्ष अर्जुन सिंह देशमुख एवं सचिव अजय वर्मा चुने गए। साथ ही राकेश धुरंधर, नारायण सिंह बर्छिहा, छम्मन लाल वर्मा, मनहरण चन्द्राकर, रघुवीर चन्द्राकर, सतानंद चन्द्राकर, पुष्पकराज देशमुख, नवनीत हरदेल, जयप्रकाश देशमुख, दीनानाथ सिंगसार्वा, देवदत्त कौशिक, डॉ. गिरधर चन्द्रा कार्यकारिणी सदस्य बनाए गए। कार्यक्रम में कोमल धुरंधर, हेमंत चंद्रा, रामधनुष चन्द्राकर, अजय चंद्राकर, प्रेमलाल पिपरिया, राजेश वर्मा, जनकराम वर्मा, चुरामन दिल्लीवार आदि मौजूद थे। यह जानकारी समाज के उपाध्यक्ष आत्माराम नायक ने दी।

# शीतल पेयजल से की राहगीरों की सेवा ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर जारी

**भिलाई।** ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के तहत स्काउट-गाइड जिला संघ भिलाई की ओर से एक माह तक शीतल जल से राहगीरों की सेवा की गई। 'प्रतिदिन एक अच्छा कार्य करना है' इस ध्येय वाक्य का अनुसरण करते हुए बीएसपी-शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों ने सभी राहगीरों को शीतल जल पिला कर उनकी थकान दूर की।

भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में जारी प्रशिक्षण शिविर में विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के दृष्टिकोण से अनेक तरीकों से प्रेरित किया जा रहा है। उसी तारतम्य मे शिखा दुबे जिला मुख्य आयुक्त स्काउट-गाइड ने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि आज जो सद्गुण हम जीवन में सीख रहे है उसे भविष्य में अपने कर्मक्षेत्र में कुशलतापूर्वक उतारकर कर हम अपने कर्तव्य का निर्वहन कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए स्काउट गाइड को जीवन निर्माण की पाठशाला निरूपित किया।

इस अवसर पर जिला आयुक्त स्काउट विजय सिंह पवार, सरिता शाक्य-जिला सचिव, शिक्षा विभाग से विभा रानी कटिहार, अशोक सिंह, मनीष तिवारी, आर. के. गुप्ता आदि अधिकारीगण उपस्थित थे। वहीं स्काउट गाइड सत्यनारायण साहू, डी. ओ. सी. स्काउट कीर्तिलता देशमुख डी.ओ.सी. गाइड मीनाक्षी अय्यर, वंदना सोनवाने, एस. के साहू , पवन अग्रवाल वरिष्ठ व्याख्याता, डीके. साहू, वरिष्ठ व्याख्याता,भिलाई विद्यालय से रजनी रजक सहित अन्य लोग,विद्यार्थी व पालकगण शामिल हुए।

# राधा-कृष्ण का दिव्य चंदन अलंकार कर ड्राई फ्रूट से किया श्रृंगार, गूंजा हरे कृष्ण मंत्र

**भिलाई।** हरे कृष्ण मूवमेंट द्वारा रविवार को श्री नरसिंह जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन सेक्टर 6 अक्षय पात्र में आयोजित किया गया। इस अवसर पर सुबह श्री कृष्ण और राधा रानी का फलों पंच द्रव्यों से अभिषेक किया गया। उसके बाद विग्रहों का दिव्य चंदन अलंकार कर श्रृंगार कर सजाया गया। जिसमें काजू, बादाम, किशमिश, लांग, इलायची सहित अन्य ड्राई फ्रूट से मुकुट व माला बनाकर अलंकृत किया गया और सेब, संतरा, आम, अनानस आदि फलों से मंडप और पालकी को सजाया गया था। शाम को परिसर में दिव्य पालकी यात्रा से प्रभु को भ्रमण कराया गया। इस दौरान सुबह से रात तक हरे कृष्ण मंत्र के उच्चारण से संपूर्ण वातावरण गुंजायमान रहा। मान्यता अनुसार भगवान नरसिंह देव अपने भक्त प्रह्लाद महाराज की रक्षा के लिए वैशाख माह की शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को प्रकट हुए।

## सूर्या मॉल और स्टेशन में पुलिस ने की जांच

# मॉकड्रिल: बम की अफवाह से खलबली

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

पाकिस्तान के साथ भारत का मौजूदा हालात को लेकर दुर्ग पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को अपडेट करते हुए रेलवे स्टेशन और सूर्या मॉल में डॉग स्क्वाड के साथ बम डिस्पोज स्क्वाड की टीम पहुंची। इस दौरान दुर्ग रेलवे स्टेशन समेत सिविक सेंटर इलाके में पुलिस की टीम बम निरोधक दस्ते के साथ तीनों जगहों पर पहुंचकर सघन खोजबीन की। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ, जीआरपी भी जांच में शामिल रही। सूर्या मॉल के भीतर शनिवार की रात एक एक शो रूम और दुकानों समेत पार्किंग एरिया की बारीकी से जांच किया गया। वहीं सिविक सेंटर क्षेत्र में खड़ी वाहनों की तलाशी भी ली गई। पुलिस को बम डिटेक्टर मशीन से तलाशी लेते देख मौजूद लोगों में अनहोनी का डर दिखने लगा। लेकिन जब मॉकड्रिल की जानकारी हुई तो सभी ने राहत की सांस ली। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे हमले को देखते हुए लोगों को जागरूक करने के लिए दुर्ग पुलिस ने बम डिस्पोजल स्क्वाड,डॉग स्क्वाड के साथ मिलकर सूर्या मॉल और सिविक सेंटर में रिहर्सल किया।



### स्टेशन के पार्सल सेंटर तक चेकिंग

दुर्ग रेलवे स्टेशन में सुरक्षा के लिहाजे से जीआरपी, आरपीएफ के पुलिस जवानों ने दुर्ग पुलिस के साथ मिलकर चेकिंग किया। यहां पार्सल सेंटर समेत आने जाने वाले यात्रियों उनके सामनों को चेक किया गया। मॉल में जो लोग वहां बैग और छोला लेकर घूम रहे होते हैं उनकी भी तलाशी ली गई। लोगों को बताया गया कि वे किस तरह इस तरह की संदिग्ध गतिविधि को देखकर अलर्ट रहे और इसकी सूचना पुलिस को जरूर दें।

### सिविक सेंटर में भी जांच

रिहर्सल के दौरान स्मृति नगर, सुपेला, दुर्ग के कई अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। मॉल में मौजूद लोगों के मुताबिक भारत पाक युद्ध को देखते हुए एक तरह का रिहर्सल है। इसलिए पैनिक होने की जरूरत नहीं है। लोगों को उसी हालत से गुजारा जिस हालत में रियल बम मिलने पर किया जाता है।

### मॉकड्रिल किया गया

"यह ब्लैक आउट और मॉकड्रिल की तरह एक रिहर्सल था। इसके लिए बम डिस्पोजल स्क्वॉड और डॉग स्क्वॉड की टीम को भी साथ लिया गया था। पुलिस को अचानक डमी इनपुट मिलता है कि दुर्ग स्टेशन, सूर्या मॉल और सिविक सेंटर में बम रखा गया है। सुरक्षा के लिहाजे से पहुंची थी टीम।

-सत्य प्रकाश तिवारी, सीएसपी भिलाई नगर

# सिन्हा कलार समाज ने किया जनप्रतिनिधियों का सम्मान

**दुर्ग।** अग्रसेन भवन में छत्तीसगढ़ कलार समाज युवा मंच एवं राजनीतिक प्रकोष्ठ ने जनप्रतिनिधियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया।

कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, रिसाली महापौर शशि सिन्हा शामिल हुए। भगवान शास्त्रबाहु अर्जुन देव की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। अतिथियों का समाज की ओर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। सांसद बघेल ने सामाजिक उत्थान की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। ललित चंद्राकर ने कहा कि समाज के नवनिर्वाचित जन प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई। उनकी जीत समाज के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और हमें उम्मीद है कि समाज के विकास और उत्थान के लिए व समस्याओं को समझेंगे और उनके समाधान के लिए काम करेंगे।गजेन्द्र यादव ने कहा कि सिन्हा समाज सभी क्षेत्र में जैसे शिक्षा राजनीतिक, शासकीय सेवा एवं अन्य क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

HEALTH TOWN
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### व्यापमं की भर्ती परीक्षा का मॉडल उत्तर जारी

**कवर्धा।** व्यापमं ने 27 अप्रैल को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग नवा रायपुर अंतर्गत उपअभियंता (सिविल) भर्ती परीक्षा ली थी। इसका मॉडल उत्तर व्यापमं की वेबसाइट पर 10 मई को जारी कर दिया गया है। अभ्यर्थी वेबसाइट पर मॉडल उत्तर देख सकते हैं। वेबसाइट में प्रदर्शित उत्तरों पर 17 मई दोपहर 3 बजे तक अपने व्यापमं प्रोफाइल में लॉगइन कर दावा-आपत्ति दर्ज करा सकते हैं।

### टेली मानस मोबाइल एप से मिलेगा निदान

**कवर्धा।** भारत सरकार के स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय ने टेली मानस एप लॉन्च किया है। इस एप में मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित समस्या का निदान व सुझाव के व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। मानसिक स्वास्थ्य व व्यापक जन जागरूकता सुनिश्चित करने के लिए टेली मानस एप क्यूआर कोड और हेल्पलाइन नंबर से सहायता प्राप्त की जा सकती है।

### अस्थायी बिजली कनेक्शन लेना होगा सरल

**कवर्धा।** बिजली कंपनी ने व्यवसायों के लिए अस्थायी बिजली कनेक्शन प्राप्त करने की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल और सरल बना दिया है। स्टेट सिंगल विंडो पोर्टल के माध्यम से शुरू की गई, इस ऑनलाइन प्रणाली का उद्देश्य नियमों में सुधार करना व कठिन प्रक्रिया को सरल बनाना है। नई प्रणाली के तहत, व्यवसायी अब घर बैठे ही स्टेट सिंगल विंडो पोर्टल पर अस्थायी बिजली कनेक्शन के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### पनेका में शिविर का आयोजन आज

**कवर्धा।** प्रदेश सरकार के आव्हान पर जिला प्रशासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार समाधान शिविर के तहत 13 मई को पनेका, रेंगाखारकला, उड़ियाकला, सोमनापुर नया 14 मई को भागुटोला, 15 मई को खारा, मोहतरा खुर्द 16 मई को गुढ़ा, बिड़ौरा 17 मई को बैजलपुर, डोमसरा 19 मई को बारदी, सिंघनपुरी जंगल 20 मई को रेतापारा, 21 मई को रवेली, कुटकीपारा 22 मई को महाराजपुर, हाथमुड़ी 23 मई को झलमला 24 मई को कुसुमघटा, वीरेंद्रनगर, कोलेगांव 26 मई को बिरकोना 27 मई को राजानवागांव, रणवीरपुर, प्राणखैरा 28 मई को मरका 29 मई को पोड़ी और 30 मई को दौजरी और सिंघनगढ़ में शिविर आयोजित होगी।

### हरीतिमा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**कवर्धा।** आज के समय में जब पर्यावरण संरक्षण एक अत्यंत महत्वपूर्ण विषय बन चुका है। बच्चों को इस दिशा में जागरूक करना और प्रेरित करना अत्यावश्यक है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए हरीतिमा द्वारा एक विशेष ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों को उनके रचनात्मकता और कल्पनाशक्ति का उपयोग करते हुए हरियाली और जीवन से संबंधित चित्र बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। वृक्षारोपण, पौधों की विविधता व पर्यावरण संरक्षण की भूमिका को अपने चित्रों के माध्यम से का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

---

**हमला : दो महिला सहित चार ग्रामीण घायल, एक की हालत गंभीर**

# तेंदूपत्ता तोड़ने गए ग्रामीणों पर दो भालू ने किया जानलेवा हमला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के विकासखण्ड बोड़ला अंतर्गत ग्राम थुवापानी के जंगल में सोमवार की सुबह तेंदूपत्ता तोड़ने गए चार ग्रामीणों पर वन्यप्राणी दो भालूओं ने अचानक जोरदार हमला कर दिया।

बताया जाता है कि ग्रामीणों पर भालुओं का हमला इतना घातक था कि ग्रामीणों को संभलने का भी मौका नहीं मिला जिसके कारण चारों ग्रामीण बुरी तरह से घायल हो गए। घायलों में दो महिला और दो पुरूष बताए जा रहे हैं घटना के बाद इस चारों घायल ग्रामीणों को जिला चिकित्सालय में दाखिल कराया गया है। जिसमें से एक की हालत गंभीर बनी हुई है और उसे रायपुर रिफर किया गया है।

वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक तथा प्रदेश उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मुलाकात की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह करीब 8.00 बजे जिले के विकासखण्ड बोड़ला के ग्राम बाघूटोला निवासी सुखराम पटेल, उमेंद पटेल, ग्राम चिखली निवासी श्रीमती फूल बाई और ग्राम दियाबार निवासी श्रीमती राजमती पास के थुवापानी जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गए थे। बताया जाता है कि चारों ग्रामीण अपने तेंदूपत्ता तोड़ाई कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान अचानक वन्यप्राणी दो भालुओं ने अचानक इन चारों ग्रामीणों पर हमला कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि भालू इतने आक्रामक थे की उन्हें संभलने और बचने का कोई मौका नहीं मिला। भालुओं ने अपने नुकीले दांतों और पंजों से ग्रामीणों के चेहरे, हांथ, पैर तथा शरीर के दूसरे हिस्सों में घातक वार किए हैं जिससे ग्रामीणों को गंभीरे चोटे आई है। बाद में जैसे तैसे इन भालुओं को भगाया गया और खून से लतपथ चारों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

जहां चिकित्सकों द्वारा उनका ईलाज किया जा रहा है। वहीं गंभीर रूप से घायल एक बुजुर्ग ग्रामीणों की स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए रायपुर रिफर किया गया है।

### उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जाना घायलों का हाल



कबीरधाम जिले के ग्राम थुवापानी के जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ाई के दौरान ग्रामीणों पर दो भालुओं ने अचानक हमला किए जाने की जानकारी मिलते ही छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तत्काल जिला अस्पताल कवर्धा पहुंचे और घायलों से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, खिलेश्वर साहू, रामप्रसाद बघेल, मोहन ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने डॉक्टरों को घायलों के बेहतर इलाज के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों और उनके परिजनों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने वन विभाग और स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जाए। वन विभाग द्वारा तत्काल राहत के तौर पर घायलों को सहायता राशि प्रदान की गई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने भी जिला अस्पताल कवर्धा पहुंचकर भालू द्वारा किए गए हमले में घायल ग्राम बाघूटोला, चिखली, दियाबार के ग्रामीणों से मुलाक़ात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने डाक्टरों से चर्चा की और घायल मरीजों के बेहतर इलाज हेतु निर्देश दिए। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, डीएफओ, सिविल सर्जन, पार्षद प्रतिनिधि हरीश साहू, भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष सौरभ सिंह, मनीष साहू सहित स्टाफ मौजूद थे।

---

# पुलिस ने सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी, आरोपी गिरफ्तार

- आपसी विवाद और पुरानी रंजिस के चलते की गई थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

पुलिस ने बैजलपुर पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम खरिया में हाल के दिनो में हुई हत्या की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस के मुताबिक आरोपी द्वारा ग्रामीण की हत्या आपसी विवाद और पुरानी रंजिस के चलते गले में टंगिया मार कर की है।




पुलिस ने आरोपी को अपराध क्रमांक 69/2025 धारा 103(1)बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 7 मई की रात्रि को चौकी बैजलपुर को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम खरिया में एक व्यक्ति रत्नू धुर्वे पिता पुशऊ धुर्वे उम्र लगभग 50 वर्ष की धारदार हथियार से गले में वार कर हत्या कर दी गई है।

इस सूचना के बाद पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मृतक का शव बरामद कर घटना स्थल का मौका मुआयाना करने के बाद आश्यक साक्ष्य एकत्र कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 69/2025 धारा 103(1) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। पुलिस के मुताबिक विवेचना के दौरान यह तथ्य सामने आया कि मृतक रत्नू धुर्वे बैगा झाड़-फूंक का कार्य करता था। दिनांक 06 मई को सुबह लगभग 8.00 बजे वह अपने गृह ग्राम खरिया पहुंचा था।

वहीं एक परिवार का झाड़-फूंक करते समय आरोपी तेरसु धुर्वे भी वहां पहुंचा और मृतक के साथ बैठकर शराब का सेवन किया। इस दौरान आपसी कहासुनी एवं पुरानी रंजिश के चलते आरोपी ने मृतक से विवाद किया और आवेश में आकर मृतक के घर स्थित धाम से टंगिया लाकर उसके गले में 3-4 वार कर दिया, जिससे घटना स्थल पर ही रत्नू धुर्वे की मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बाद में पुलिस ने आरोपी के ठिकाने में दबिस देकर उसे दबोच लिया।

पूछताछ करने पर आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी बैजलपुर सउनि पंच राम वर्मा टीम की विशेष भूमिका रही।

---

# घूम-घूमकर गांजा बेचने वाली दो महिला गिरफ्तार

## पुलिस ने जब्त किया 370 ग्राम मादक पदार्थ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत पोंड़ी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए गांजा बेंचने की जुगत में घूम रही दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन आरोपी महिलाओं के पास से 370 ग्राम गांजा बरामद किया है। दोनो महिलाओं के विरूद्ध नारकोटिक एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत रविवार को पुलिस चौंकी पोंड़ी की पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि दो महिलाएं नेउरगांव तिराहा, कॉलोनी पारा पोड़ी क्षेत्र में घूम-घूमकर गांजा बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंची और हलिमा बी पति स्व. बशीर मोहम्मद आयु 52 वर्ष तथा परवीन पति स्व. ईजराइल मोहम्मद आयु 32 वर्ष दोनो निवासी वार्ड क्रमांक 08 कुम्हार पारा, पोड़ी, चौकी पोड़ी, थाना बोड़ला, जिला कबीरधाम को हिरासत में ले लिया। तलाशी के दौरान पुलिस ने हलिमा बी के पास से काले रंग के बैग में 370 ग्राम मादक पदार्थ (गांजा) की कुल 81 पुड़िया बरामद की। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने गांजा को घूम-घूमकर बिक्री करने की बात स्वीकार की। जिसके बाद पुलिस ने दोनो आरोपी महिलाओं को नारकोटिक एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई में सहायक उप निरीक्षक संदीप चौबे, प्रधान आरक्षक लवकेश खरे, आरक्षक जीवन पटेल, रामविलास आडिले, बद्री बांधेकर तथा महिला आरक्षक हुलसी चंद्रवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**हरिभूमि चिल्फी।** ग्राम चिल्फी में रविवार सुबह एक युवक का शव फंदे लटका मिला है। मृतक की पहचान सुकल दास पिता गोपाल दास के रूप में की गई है। बताया जाता है कि शनिवार रात को परिवार के सभी सदस्य भोजन के बाद सोने चले गए थे। रविवार सुबह जब परिवार के लोग उठे तो सुकल दास अपने कमरे में गमछे के फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए बोड़ला शवगृह भेजा गया। मामले में मर्ग कायम पर पुलिस ने विवेचना में लिया है। लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक ने आत्महत्या क्यों की। यहां बताना लाजिमी होगा कि इससे पूर्व चिल्फी थाना क्षेत्र के जंगल में भी एक महिला शव फांसी के फंदे पर लटका मिला थे।

---

# स्काउट मास्टर लीडर के उच्च पद को प्राप्त करने हिमालय वुड बैच प्रशिक्षण में सहभागी बने : नीलम यदु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारत स्काउट एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के मार्गदर्शन एवं कैलाश सोनी राज्य सचिव के नेतृत्व हिमालय वुड बैच प्रशिक्षण शिविर गत दिनो आधारशिला विद्या मंदिर बड़े कोनी बिलासपुर आयोजित किया गया।

इस शिविर में कबीरधाम जिले से स्काउट मास्टर नीलम यदु ने भाग लिया। हिमालय वुड बैच स्काउट एवं गाइड दल संचालन कराने का सर्वोच्च प्रशिक्षण है। इस प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए प्रत्येक स्काउटर एवं गाइडर को बेसिक कोर्स एवं एडवांस कोर्स पूर्ण करना होता है, इस बैच प्रशिक्षण के लिए असाइनमेंट राज्य मुख्यालय में जमा किया जाता है। स्काउट मास्टर एवं जिला सचिव नीलम यदु ने बताया कि जिले में अब तक एक एचडब्लूबी स्काउट मास्टर, दो रोवर लीडर, एक रेंजर लीडर है तथा दो एएलटी स्काउट मास्टर एवं एक एलटी स्काउट मास्टर प्रशिक्षक है। उनके प्रशिक्षण प्राप्त करने उपरांत कबीरधाम जिले में स्काउट गाइड की गतिविधियां और व्यवस्थित ढंग से संचालित की जा रही है।



जिला संगठन आयुक्त स्काउट अजय चंद्रवंशी ने बताया कि दिनांक 12 से 18 मई तक आयोजित गाइड विभाग हिमालय वुड बैंच प्रशिक्षण में जिले से गाइड केप्टिन भगवती हठीले व संजू मिश्रा शामिल होंगी।

---

# अब हाइब्रिड धान की बालिया पककर खेतों में तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित जेवड़न खुर्द बांझीमौहा, सारंगपुर खुर्द, सिंघनपुरी, डबराभाट, बरबसपुर, राम्हेपुर कला व क्षेत्र के ग्रामीण किसानों द्वारा हाइब्रिड ग्रीष्मकालीन धान की फसल खेतों में धान की बालियां खेतों में परिपक्व होकर तैयार हो चुके हैं और धान फसल की कटाई में जुटेंगें।

---

पेज 11 के शेष

### शिक्षा और सदभावना के साथ ...

उप मुख्यमंत्री ने कहा, "आज भक्त माता कर्मा महोत्सव में आप सभी के बीच उपस्थित होकर मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानता हूँ। माता कर्मा जी ने समता, करुणा और भक्ति का जो संदेश दिया है, वह समाज को नई दिशा देता है। साहू समाज ने सदैव सामाजिक समरसता और शिक्षा को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा कि माता कर्मा जी का आशीर्वाद हम सभी पर बना रहे। हम शिक्षा, सामाजिक सद्भाव और विकास के कार्यों में मिलकर आगे बढ़ें — यही सच्ची भक्ति है। मेधावी विद्यार्थी हमारे समाज और प्रदेश का उज्ज्वल भविष्य हैं। मैं आप सभी से आग्रह करता हूँ कि शिक्षा और संस्कार की इस परंपरा को आगे बढ़ाएं। प्रदेश सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कृतसंकल्पित है। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि "भक्त माता कर्मा का जीवन हमें भक्ति, सेवा और सामाजिक उत्थान का संदेश देता है। साहू समाज ने सदैव समाज को शिक्षित और संगठित करने में भूमिका निभाई है। युवाओं में शिक्षा और चरित्र निर्माण की भावना जागृत कर हम समाज को और मजबूत बना सकते हैं।

### समाधान शिविर में ...

द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया और जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की प्राथमिकता है कि जनता को बिना किसी कठिनाई के शासन की योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री स्वयं भीषण गर्मी में औचक निरीक्षण कर रहे हैं और जनता से सीधे मिलकर समस्याएं सुन रहे हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना, बोनस वितरण, और पक्के मकान निर्माण जैसे प्रयासों की जानकारी भी दी।

---

**शिखर युवा मंच के सहयोग से जिले के 15 गांव ने प्राप्त किया प्रशिक्षण**

# तरेगांव जंगल में दो दिवसीय सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव के मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशों में कबीरधाम जिले के तरेगांव जंगल में स्थित समरसता भवन में गत दिनो दो दिवसीय सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन पर आधारित दो दिवसीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह आयोजन शिखर युवा मंच के सहयोग से किया गया, जिसमें एट्री संस्था, बस्तर से आए विशेषज्ञों अनुभव सोरी, स्त्रुति मोकाशी एवं ऋतिक भटनागर ने प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला में जिले के 15 गांवों जामपानी, कोटनापानी, कुकरापानी, भरतपुर, दुर्जनपुर, लीलादादर, छुही, बांटीपथरा, लब्दा, जोकपानी, मुड़घुसरी, राली, धुमाछापर, कोमो और कुरलुपानी के सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन समिति एवं वन अधिकार समिति के कुल 41 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वन अधिकार अधिनियम, 2006 के अंतर्गत प्रदत्त सामुदायिक अधिकारों की समझ को मजबूत करना, सफल वन प्रबंधन के उदाहरणों से प्रेरणा देना तथा जीपीएस नक्शे और बेवगिस जैसे तकनीकी उपकरणों के माध्यम से सामुदायिक क्षमताओं को सशक्त करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने एफआरए कानून की धाराओं, ग्राम सभा की भूमिका, प्रबंधन संरचना, और सामुदायिक निगरानी तंत्र की गहन जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने व्यवहारिक सत्रों में जीपीएस उपकरणों और नक्शों का उपयोग कर सीआरएफ क्षेत्र को चिन्हित करने की तकनीक भी सीखी। विशेषज्ञों ने महाराष्ट्र और बस्तर के प्रेरणादायक केस स्टेडिज और वीडियो प्रस्तुत कर यह दिखाया कि जब समुदाय अपने संसाधनों की जिम्मेदारी खुद लेते हैं, तो संरक्षण और आजीविका दोनों में सकारात्मक बदलाव आता है। कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने अपने-अपने गाँवों में सीएफआरएमसी को सशक्त बनाने, ग्राम सभाओं को नियमित करने और पारदर्शी व सहभागी वन प्रबंधन को लागू करने का संकल्प लिया।

---

# गौरवपथ एवं भवन निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

प्रदेश सहित जिले में भाजपा की सरकार बनने के बाद विकास एवं निर्माण कार्यो में आई तेजी अब जिले के शहरी क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में साफ दिखाई देने लगी है। इसी कड़ी में पिपरिया क्षेत्र के दर्जनों ग्रामों के ग्रामीणों की वर्षो पुरानी मांग को पूरा करते हुए झिरना मुख्य मार्ग को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क गौरव पथ के तहत 49 लाख रु स्वीकृत किया गया जिसका आज भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जनो को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू ने बताया कि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में कबीरधाम जिले का चहुमुखी विकास हो रहा है गांव-गांव में प्रधानमंत्री आवास और सड़कों का जाल बिछ रहा है। झिरना मेला प्रांगण में पुजारी के निवास के लिए भी क्षेत्र के लोगों ने भवन की मांग की थी जिसे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के द्वारा 6. 50 लाख की लागत से सामुदायिक भवन के रूप में स्वीकृत किया गया। जिसका भी पूजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सभापति सुमित्रा विजय पटेल, मंडल अध्यक्ष वीर सिंह पटेल प्रकाश चंद्रवंशी नगर पंचायत अध्यक्ष घुरवाराम साहू, खेम राम साहू, खिलेश्वर साहू, सुनील साहू, दिनेश चंद्रवंशी, नीतीश चंद्रवंशी, परस साहू, मुनी चंद्रवंशी, कमल कांत नाविक, झगराम साहू, ईश्वरी ध्रुव, पवन साहू, महेतरु कश्यप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

